भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 859
07 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

स्मार्ट सिटी परियोजना की स्थिति

859. श्री वी. वैथिलिंगमः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पुडुचेरी में कार्यान्वित स्मार्ट सिटी परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त परियोजना के लिए कितनी सहायता अनुमोदित की गई है और इसके लिए अब तक कितनी राशि खर्च की गई है;

(ग) पुडुचेरी में उक्त परियोजना के अंतर्गत कितने कार्य पूरे हो चुके हैं और कितने कार्य प्रगति पर हैं; और

(घ) क्या पुडुचेरी प्रशासन द्वारा कोई अव्ययित निधि वापस कर दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) से (घ): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) शुरू किया था। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 राउंड के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। जून 2017 में आयोजित चयन प्रक्रिया के राउंड-3 के अंतर्गत पुदुचेरी को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने हेतु चुना गया था। पुदुचेरी स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं की स्थिति नीचे दी गई है:

(राशि करोड़ रुपये में)

स्मार्ट सिटी	एससीएम के अंतर्गत जारी निधि	निधि की उपयोगिता	जारी परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं		कुल परियोजनाएँ	
			परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि
पुदुचेरी	356.00	176.68	65	899.87	31	44.06	96	943.93

(स्रोत: 24 नवंबर 2023 तक भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली)

पुदुचेरी स्मार्ट सिटी ने भारत सरकार के अव्ययित अनुदान पर अर्जित ब्याज को छोड़कर कोई भी अव्ययित निधि वापस नहीं की है।